https://www.cgboardonline.com



# E-192001–B

## विषय : हिन्दी ( विशिष्ट )

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 100

*निर्देश* : (*i*) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। कुल 26 प्रश्न हैं।

(*ii*) प्रश्न क्रमांक 1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। खण्ड-(अ) में 5 अंक बहुविकल्पीय, खण्ड-(ब) में 5 अंक रिक्त स्थानों की पूर्ति एवं खण्ड-(स) में 5 अंक उचित संबंध जोड़िए के लिए निर्धारित हैं। कुल 15 अंक हैं।

(*iii*) प्रश्न क्रमांक 2 से 10 में 2 अंक निर्धारित हैं। शब्द-सीमा *30* शब्द है।

(*iv*) प्रश्न क्रमांक 11 से 17 में 3 अंक निर्धारित हैं। शब्द-सीमा *50* शब्द है।

(*v*) प्रश्न क्रमांक 18 से 21 में 4 अंक निर्धारित हैं। शब्द-सीमा *75* शब्द है। प्रत्येक प्रश्न में विकल्प है।

(*vi*) प्रश्न क्रमांक 22 एवं 23 में 5-5 अंक निर्धारित हैं। शब्द-सीमा *100* शब्द है। प्रत्येक प्रश्न में विकल्प है।

(*vii*) प्रश्न क्रमांक 24 एवं 25 में 6-6 अंक निर्धारित हैं। शब्द-सीमा *125* शब्द है। प्रत्येक प्रश्न में विकल्प है।

(*viii*) प्रश्न क्रमांक 26 निबंधात्मक प्रश्न है। शब्द-सीमा *250* शब्द है तथा 8 अंक निर्धारित है।

---

प्रश्न-1 ( खण्ड-अ ) सही विकल्प चुनकर लिखिए : [1×5=5]

(*i*) वे मन की स्वच्छन्द रचनाएँ हैं :

(*अ*) निबंध

(*ब*) उपन्यास

(*स*) कहानी

(*द*) नाटक



https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com


(*ii*) 'उद्धव-शतक' काव्य है :

(अ) महाकाव्य

(ब) मुक्तक काव्य

(स) खण्ड काव्य

(द) प्रबंध काव्य

(*iii*) मूलराज को छोटी बहू का नाम है :

(अ) भावना

(ब) इन्दु

(स) बेला

(द) उर्वशी

(*iv*) गोंड़ी बोली में रूपा कहा जाता है :

(अ) कौआ को

(ब) मैना को

(स) तोता को

(द) कबूतर को

(*v*) सोरठा किस छंद का उल्टा होता है ?

(अ) दोहा

(ब) रोला

(स) सवैया

(द) कवित्त


https://www.cgboardonline.com
https://www.cgboardonline.com
https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com



प्रश्न-1 ( खण्ड-ब ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : [1×5=5]

(*i*) 'कादंबरी' नामक पुस्तक के रचयिता ——— हैं।

(*ii*) बिना फेरे ——— बिगड़ता है और बिना लड़े सिपाही।

(*iii*) आदिवासी ——— से नाराज रहते थे।

(*iv*) रचना की दृष्टि से वाक्य के ——— भेद किए गए हैं।

(*v*) सुभाषचंद्र बोस को ——— जेल से माँडले जेल के लिए स्थानांतरित किया गया।

प्रश्न-1 ( खण्ड-स ) उचित संबंध जोड़िए : [1×5=5]

| | ( क ) | | ( ख ) |
|---|---|---|---|
| (*i*) | क्या लिखूँ | – | पारिवारिक पत्र |
| (*ii*) | सोरठा | – | गवाह |
| (*iii*) | पुत्र का पिता के नाम पत्र | – | पदुमलाल बख्शी |
| (*iv*) | सत्यपाल | – | रानी पद्मावती की सहेलियाँ |
| (*v*) | फुलवारी | – | अर्धसम मात्रिक छंद |

https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com

प्रश्न-2 खूँटी और टोपी से लेखक का क्या आशय है ? [2]

प्रश्न-3 कालिन्दी किस नदी को कहते हैं और क्यों ? [1+1=2]

प्रश्न-4 निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए : [2]

(*i*) आँखों का तारा

(*ii*) गुदड़ी का लाल

प्रश्न-5 लेखक विश्व-मंदिर निर्माण की कल्पना क्यों करते हैं ? [2]

प्रश्न-6 आदिवासी अपने देवता को क्या कहते हैं ? [2]

प्रश्न-7 "पूरी दुनिया साफ करने के लिए 'मेहतर' चाहिए।" कथन से कवि क्या कहना चाहते हैं ? [2]



https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com



**प्रश्न-8** संध्या सुंदरी का अभिषेक कौन कर रहा है ? [2]

**प्रश्न-9** निंदा रस का उद्‌गम स्रोत बताइए। [2]

**प्रश्न-10** वाक्य किसे कहते हैं एवं उसके कितने अंग होते हैं ? लिखिए। [1+1=2]

**प्रश्न-11** मनुष्य को चिन्ता से दूर क्यों रहना चाहिए ? [3]

**प्रश्न-12** 'उसने कहा था' कहानी के शीर्षक की सार्थकता सिद्ध कीजिए। [3]

**प्रश्न-13** विश्व-मंदिर पाठ के माध्यम से लेखक किन उद्देश्यों को प्रकट करना चाहते हैं ? [3]

**प्रश्न-14** प्रेमिका द्वारा अपने प्रियतम को लिखे गए पत्र की क्या विशेषताएँ थीं ? [3]

**प्रश्न-15** माँ के प्रति चीनी की भावना कैसी थी ? [3]

**प्रश्न-16** संध्या सुंदरी के आगमन पर प्रकृति में होने वाले किन्हीं तीन परिवर्तनों को लिखिए। [1+1+1=3]

**प्रश्न-17** मनुष्य अपनी किन योग्ताओं के कारण प्रगति के सोपान पर चढ़ते जाता है ? [3]

**प्रश्न-18** सुभाषचंद्र बोस ने लोकमान्य तिलक को विश्व के महापुरुषों में प्रथम पंक्ति में स्थान मिलने की बात क्यों कही ? [4]

*अथवा*

छायावाद की कोई दो विशेषताएँ लिखते हुए इसके प्रमुख दो कवियों के नाम लिखिए।

**प्रश्न-19** हरिशंकर परसाई **अथवा** महादेवी वर्मा का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर दीजिए : [1+2+1=4]

(*i*) रचनाएँ (कोई दो)

(*ii*) भाषा तथा शैली

(*iii*) साहित्य में स्थान



https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com



प्रश्न–20 दादा मूलराज **अथवा** बेला के चरित्र की कोई चार विशेषताएँ लिखिए। [1+1+1+1=4]

प्रश्न–21 जगन्नाथ दास 'रत्नाकर' अथवा नरेश मेहता का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर दीजिए : [$1+1\frac{1}{2}+1\frac{1}{2}=4$]

(*i*) रचनाएँ (कोई दो)

(*ii*) भावपक्ष – कोई तीन विशेषताएँ

(*iii*) कलापक्ष – कोई तीन विशेषताएँ

प्रश्न–22 निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक की संदर्भ, प्रसंग एवं विशेष सहित व्याख्या कीजिए : [1+1+1+2=5]

''तरुणों के लिए रोग और मृत्यु दोनों सुखद है, क्योंकि दोनों में प्रेम की मधुरता है पर संसार में प्रविष्ट होते ही प्रेम का यह कल्पित संसार न जाने कहाँ विलीन हो जाता है। तब उन्हें ढोल की कर्कशता मालूम हो जाती है।''

*अथवा*

''संसार में तटस्थ रहकर शांति-सुखपूर्वक लोक-व्यवहार संबंधी उपदेश देने वालों का उतना अधिक महत्व हिन्दू धर्म में नहीं है, जितना संसार के भीतर घुसकर उसके व्यवहारों के बीच सात्विक विभूति की ज्योति जगानेवालों का है। हमारे यहाँ उपदेशक ईश्वर के अवतार नहीं माने गए हैं। अपने जीवन द्वारा कर्म-सौंदर्य संघटित करने वाले ही अवतार कहे गए हैं।'' https://www.cgboardonline.com

प्रश्न–23 निम्न पद्यांशों में से किसी एक पद्यांश की संदर्भ, प्रसंग एवं विशेष सहित व्याख्या कीजिए : [1+1+1+2=5]

''ब्रह्मा से कुछ लिखा भाग्य में मनुज नहीं लाया है।
अपना सुख उसने अपने भुज-बल से ही पाया है॥
ब्रह्मा का अभिलेख पढ़ा करते निरुद्यमी प्राणी।
धोते वीर कु-अंक भाल का, बहा भ्रुवों से पानी॥''

P.T.O.



https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com


*अथवा*

हे विराट! हे विश्व देव! तुम
    कुछ हो ऐसा होता भान,
मंद गंभीर धीर स्वर संयुत
    यही कर रहा सागर गान।''

प्रश्न-24 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे किन्हीं *चार* प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $[1\frac{1}{2}+1\frac{1}{2}+1\frac{1}{2}+1\frac{1}{2}=6]$

''शिक्षा इंसान को इंसान बनाती है। आज के भौतिकवादी युग में शिक्षा का मुख्य उद्देश्य सुख पाना रह गया है। अंग्रेजों ने इस देश में अपना शासन चलाने के लिए ऐसी शिक्षा को उपयुक्त समझा है, किन्तु यह विचाराधारा हमारी मान्यता के विपरीत है। आज की शिक्षा प्रणाली एकांगी है। उसमें व्यावहारिकता का अभाव है। श्रम के प्रति निष्ठा नहीं है। प्राचीन शिक्षा प्रणाली में आध्यात्मिक एवं व्यावहारिक जीवन की प्रधानता थी। यह शिक्षा जीवन को सही दिशा प्रदान करने में सहायक थी।''

(*i*) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।
(*ii*) भौतिक युग में शिक्षा का मुख्य उद्देश्य क्या हो गया है ?
(*iii*) प्राचीन शिक्षा प्रणाली की विशेषता लिखिए।
(*iv*) वर्तमान शिक्षा प्रणाली कैसी है ?
(*v*) शिक्षा का महत्व लिखिए।

*अथवा*

''जनसंख्या विस्फोट से सारा देश भयाक्रांत है। जहाँ भी जाओ लोगों की अनंत भीड़ दिखाई देती है। महानगरों में तो लोगों का पैदल चलना मुश्किल हो गया है। चारों तरफ बेरोजगारी का संकट छाया हुआ है। निर्धनता मुँह फैलाए खड़ी है। लोगों का जीवन-स्तर गिरता जा रहा है। गरीब और गरीब होते जा रहे हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य और आवास की समस्या का संकट गहराता जा रहा है। आबादी और साधनों का संतुलन टूट चुका है।''


https://www.cgboardonline.com
https://www.cgboardonline.com
https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com


(*i*) गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(*ii*) लोगों का पैदल चलना कहाँ मुश्किल हो गया है ?

(*iii*) चारों तरफ कौन-सा संकट छाया हुआ है ?

(*iv*) सारा देश किससे भयाक्रांत है ?

(*v*) गद्यांश का सारांश लिखिए।

प्रश्न-25 शाला शुल्क मुक्ति हेतु आर्थिक कारण बताते हुए अपने विद्यालय के प्राचार्य को आवेदन-पत्र लिखिए। [$1\frac{1}{2}$+3+1

*अथवा*

महासमुंद नगरपालिका के अध्यक्ष के पास एक शिकायती पत्र लिखिए जिसमें मुहल्ले में सफाई न होने के संबंध में शिकायत हो।

प्रश्न-26 निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर *लगभग 250 शब्दों में सारगर्भित निबंध* लिखिए : [2+4+

(*i*) स्वच्छ भारत अभियान में छात्रों की भूमिका

(*ii*) विद्यार्थी और अनुशासन

(*iii*) जीवन में खेलों का महत्व

(*iv*) महँगाई की समस्या

(*v*) जल ही जीवन है

..........

https://www.cgboardonline.com
Whatsapp @ 9300930012
Send your old paper & get 10/-
अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से

https://www.cgboardonline.com
https://www.cgboardonline.com


https://www.cgboardonline.com